महंगा हुआ बस का सफर, यात्रियों की जेब पर सीधा असर

खास बातें

- बस किराए में बढ़ोतरी, गुरुवार सुबह से लागू
- नई दरों से बस स्टैंड पर हड़कंप

नवभारत न्यूज

सिरोंज 6 अगस्त, शहर में बस किरायों में अचानक हुई भारी बढ़ोतरी ने आम यात्रियों को बड़ा झटका दिया है. गुरुवार सुबह से ही बस संचालकों ने नई दरें लागू करते हुए बढ़ा हुआ किराया वसूलना शुरू कर दिया, जिससे बस स्टैंड पर पहुंचे यात्रियों में नाराजगी और असंतोष देखने को मिला.

नई किराया दरों के लागू होते ही यात्रियों पर सीधा आर्थिक बोझ बढ़ गया है. रोजाना सफर करने वाले लोग इस बढ़ोतरी से सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं. सुबह जब यात्री अपने गंतव्य के लिए बस स्टैंड पहुंचे, तो बसों के किराए में वृद्धि की जानकारी मिलते ही हैरान रह गए. इस दौरान कई जगहों पर यात्रियों और बस कर्मचारियों के बीच बहस की स्थिति भी बनती दिखी.जानकारी के अनुसार, बसों का किराया बढ़कर अब करीब 2 रुपये प्रति किलोमीटर हो गया है. सुपरवाइजर रमेश जैन के मुताबिक नई दरों के तहत सामान्य बस में सिरोंज से भोपाल का किराया 150 रुपये से बढ़ाकर 220 रुपये कर दिया गया है. वहीं सिरोंज से विदिशा, गुना और ब्यावरा का किराया करीब 110 रुपये से बढ़कर 170 रुपये तक पहुंच गया है. बासौदा के लिए अब यात्रियों को 60 रुपये की जगह 90 रुपये चुकाने पड़ रहे हैं. इसी तरह सिरोंज से इंदौर का किराया बढ़कर 540 रूपये हो गया, जबकि कुरवाई का किराया 50 से बढ़ाकर 80 रुपये और बीना का 80 से बढ़ाकर 120 रुपये हो गया है. बसों के किराए में बढ़ोत्तरी से यात्रियों में खासा आक्रोश देखने को मिल रहा है. यात्रियों का कहना है कि इससे आम लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक दबाव पड़ेगा और यात्रा करना और भी महंगा हो जावेगा.

नगर पालिका के द्वार पर ही आवारा पशुओं का डेरा, शहरवासी परेशान

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा 6 अगस्त. नगर में आवारा पशुओं की बढ़ती समस्या एक बार फिर लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गई है. हालात यह हैं कि शिकायत लेकर नगर पालिका परिषद कार्यालय पहुंचने वाले नागरिकों को कार्यालय के प्रवेश द्वार पर ही आवारा पशु बैठे दिखाई देते हैं. ऐसे में कई लोग बिना शिकायत दर्ज कराए ही वापस लौट जाते हैं. उनका कहना है कि जब नगर पालिका परिसर ही आवारा पशुओं से मुक्त नहीं है तो शहर की समस्या का समाधान कैसे होगा.

कुछ समय पहले नगर पालिका ने विशेष अभियान चलाकर आवारा पशुओं को पकड़कर शहर से बाहर भेजना शुरू किया था. इसके लिए विशेष पशु वाहन की व्यवस्था भी की गई थी. अभियान के दौरान लोगों को काफी राहत मिली थी, लेकिन बाद में यह कार्रवाई बंद हो गई. वर्तमान में पशु वाहन भी नगर पालिका परिसर में खड़ा है, जबकि शहर की गलियों, मोहल्लों, बाजारों और प्रमुख चौराहों पर बड़ी संख्या में आवारा मवेशी घूमते दिखाई देते हैं.नागरिकों का कहना है कि सांडों के बीच सड़क पर होने वाली लड़ाइयों के कारण दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना रहता है. कई राहगीर इनकी चपेट में आकर घायल हो चुके हैं. आए दिन हड्डी टूटने और फ्रैक्चर के मामले सामने आ रहे हैं. इसी बीच शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय में हड्डी रोग विशेषज्ञ की स्थायी नियुक्ति की मांग भी तेज हो गई है. वर्तमान में विदिशा जिला अस्पताल में पदस्थ डॉ. धर्मेंद्र रघुवंशी सप्ताह में केवल एक दिन गंजबासौदा आकर मरीजों का उपचार करते हैं.

दो आरोपियों पर जिला बदर की कार्रवाई

नवभारत न्यूज

विदिशा, कलेक्टर विदिशा ने पुलिस अधीक्षक विदिशा के प्रतिवेदन पर दो आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जिला बदर की कार्रवाई की है. जारी आदेश के अनुसार राहुल जोशी (31), निवासी जानकी नगर, थाना कोतवाली, विदिशा तथा महेन्द्र धाकड़ (33), निवासी नटेरन, के विरुद्ध जिला बदर के आदेश जारी किए गए हैं.

मुख्यमंत्री जन समस्या निवारण शिविर आज से

नवभारत न्यूज

विदिशा, मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत जिले में 7 अगस्त से 8 जनवरी 2027 तक ग्राम पंचायत स्तर पर मुख्यमंत्री जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किए जाएंगे. कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने प्रथम चरण के शिविरों का ग्राम पंचायतवार एवं विकासखंडवार कार्यक्रम जारी करते हुए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर दी है. प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित होने वाले इन शिविरों में राजस्व, पंचायत, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, विद्युत, खाद्य, सामाजिक न्याय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर आमजन की समस्याओं का मौके पर निराकरण करेंगे तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाएंगे.

मौन सूचना

विकास पचौरी जी मौन साधना कर रहे हैं. इसलिए निःशुल्क शव वाहन हेतु कृपया फोन न करें बल्कि शेरपुरा विदिशा स्थित विकास पचौरी रेडियो स्टेशन आकर जानकारी देने की कृपा करें.

ब्लड की जरूरत होने पर www.vikaspachori.in वेबसाइट पर रक्तदाताओं की लिस्ट देखने का कष्ट करें.

मोबाइल के प्ले स्टोर पर टाइप कीजिए VIKAS PACHORI RADIO

विकास पचौरी रेडियो 84 35 250 250

और फिर 24 घंटे आनंद लीजिए

गंजबासौदा हुआ सूअर मुक्त, नगर पालिका की चार वर्ष की सबसे बड़ी उपलब्धि

आवारा सूअरों से मिली राहत, कार्रवाई से बढ़ी नगर की स्वच्छता और सुरक्षा

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा. नगर पालिका परिषद के वर्तमान कार्यकाल की सबसे बड़ी उपलब्धियों में गंजबासौदा को सूअर मुक्त बनाना माना जा रहा है. वर्षों से नगर के नागरिक आवारा सूअरों की समस्या से जूझ रहे थे. शहर के लगभग सभी वार्डों में सूअरों के झुंड सड़कों पर घूमते नजर आते थे और कई बार घरों तक में घुस जाते थे. इससे लोगों को परेशानी के साथ-साथ स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं भी बनी रहती थीं.

नगर पालिका ने अभियान चलाकर आवारा सूअरों को नगर से हटाया. स्थानीय लोगों के अनुसार इन सूअरों को विभिन्न महानगरों के खरीदारों को बेचा गया, जिससे नगर पालिका को राजस्व की प्राप्ति भी हुई और शहरवासियों को लंबे समय से चली आ रही समस्या से राहत मिल गई.नगर में अब पहले की तुलना में सड़कों पर आवारा सूअर दिखाई नहीं देते, जिससे यातायात व्यवस्था, स्वच्छता और नागरिकों की सुविधा में भी सुधार महसूस किया जा रहा है. कई लोगों का मानना है कि नगर पालिका परिषद के चार वर्ष के कार्यकाल में यह सबसे प्रभावी और दिखाई देने वाला कार्य है.कुछ लोगों के बीच यह भी चर्चा है कि महानगरों में सूअरों से प्राप्त चर्बी का उपयोग क्रीम एवं अन्य सौंदर्य प्रसाधनों सहित विभिन्न औद्योगिक उत्पादों के निर्माण में किया जाता है. हालांकि, इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि उपलब्ध नहीं है.स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर पालिका ने इस अभियान के माध्यम से एक ऐसी समस्या का समाधान किया, जिससे आम लोग वर्षों से परेशान थे. इसलिए इसे परिषद की प्रमुख उपलब्धियों में गिना जा रहा है.

सशक्त वाहिनी की बालिकाओं की सतर्कता से बची नवजात बालिका की जान

नवभारत न्यूज

विदिशा. सशक्त वाहिनी की बालिकाओं की सतर्कता और मानवीय संवेदनशीलता से गुरुवार को एक नवजात बालिका का जीवन सुरक्षित हो गया. परेड ग्राउंड जा रही सशक्त वाहिनी की बालिकाओं को डीएफओ बंगले के सामने सड़क किनारे एक नवजात बालिका लावारिस अवस्था में मिली.

श्रावण सोमवार पर कांवड़ यात्रा से शिवमय होगा सिरोंज

विहिप, बजरंग दल के तत्वाधान में कांवड़ यात्रा 10 अगस्त को

नवभारत न्यूज

सिरोंज, श्रावण मास के पावन सोमवार पर शहर में भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा. विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल समरसता विभाग के तत्वाधान में 10 अगस्त को भव्य कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी. आयोजन को लेकर शहर में तैयारियां की जा रही हैं.

विहिप के राकेश सक्सेना ने बताया कि कांवड़ यात्रा 10 अगस्त को प्रात: 10 बजे स्थानीय छत्री नाका स्थित हनुमान मंदिर से प्रारंभ होगी. यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए भोपाल रोड स्थित जटाशंकर मंदिर पहुंचेगी. इस दौरान बड़ी संख्या में कांवड़िए कांवड़ लेकर हर-हर महादेव के जयघोष के साथ शामिल होंगे. कांवड़ियों द्वारा जटाशंकर मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक, पूजा-अर्चना की जावेगी. आयोजन को लेकर कार्यकर्ताओं द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं की जा रही हैं.

पटवारियों की हड़ताल चौथे दिन भी जारी, कामकाज ठप

पांच सूत्रीय मांगों को लेकर कलमबंद आंदोलन जारी, नामांतरण

नवभारत न्यूज

पठारी. प्रांतीय पटवारी संघ के आह्वान पर तहसील पठारी के सभी पटवारी अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर गुरुवार को लगातार चौथे दिन भी कलमबंद हड़ताल पर रहे. हड़ताल के चलते तहसील क्षेत्र में राजस्व संबंधी कई महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित रहे, जिससे किसानों और आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

पटवारी संघ ने शासन के प्रति नाराजगी जताते हुए कहा कि लंबे समय से लंबित मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है. संघ की प्रमुख मांगों में कैडर रिव्यू, पदोन्नति एवं समयमान वेतनमान का लाभ, नायब तहसीलदार की विभागीय परीक्षा का नियमित आयोजन, जज प्रोटेक्शन एक्ट के दायरे में पटवारियों को शामिल करना, लंबित वित्तीय देयों का भुगतान तथा संघ पदाधिकारियों के स्थानांतरण संबंधी समस्याओं का समाधान शामिल है.पटवारी संघ के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जब तक शासन उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लेता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा.इधर, हड़ताल के कारण नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, फौती नामांतरण, आय-जाति एवं निवास प्रमाण पत्रों के सत्यापन सहित अन्य राजस्व कार्य प्रभावित हो रहे हैं. इससे किसानों और आम लोगों को बार-बार तहसील कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, जिससे उनमें भी असंतोष बढ़ रहा है.

हरिओम यादव बने यादव समाज सेवा समिति के अध्यक्ष

नवभारत न्यूज

लटेरी. यादव समाज सेवा समिति की ऐतिहासिक बैठक में समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं एवं गणमान्य सदस्यों ने सर्वसम्मति से युवा समाजसेवी हरिओम यादव को समिति का अध्यक्ष निर्वाचित किया. उनके नाम की घोषणा होते ही सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा. समाज के लोगों ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया और मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं.

हायर सेकेंडरी स्कूल में निशुल्क स्कूल बैग व लंच बॉक्स का वितरण

नवभारत न्यूज

पठारी. संकुल अंतर्गत शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल भाल बामोरा में मेरा विद्यालय, मेरी पहचान अभियान के तहत समाजसेवी आशुतोष ताम्रकार बामोरा के विशेष सहयोग से आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं को निशुल्क स्कूल बैग एवं लंच बॉक्स वितरित किए गए.

कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए नियमित रूप से विद्यालय आने और मन लगाकर अध्ययन करने का संदेश दिया. उन्होंने कहा कि शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की सबसे बड़ी पूंजी है और जीवन में सफलता प्राप्त करने का सबसे सशक्त माध्यम भी. यदि पढ़ाई में किसी प्रकार की समस्या आती है तो विद्यालय परिवार हर संभव सहयोग के लिए सदैव तैयार रहेगा.शिक्षकों ने विद्यार्थियों से कहा कि जिस प्रकार जीवन में सांसों का महत्व होता है, उसी प्रकार शिक्षा में पुस्तकों और स्कूल बैग का विशेष महत्व है. जो विद्यार्थी सच्चे मन से पुस्तकों को अपना मित्र बना लेते हैं, वे जीवन में नई ऊंचाइयों तक पहुंचते हैं. विद्यार्थियों से अभी से अपने लक्ष्य निर्धारित कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का भी आह्वान किया गया.इस अवसर पर शिक्षक चिंतामणि, अनिबेश नामदेव, बालमुकुंद शर्मा, गिरिजा कुशवाहा, मुकेश कुशवाहा, जितेंद्र सिंह, प्रीति सैनी, संदीप प्रजापति, शबाना अख्तर एवं प्रमोद चौहान सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा.

हर घर तिरंगा अभियान को लेकर बूथ स्तर तक उतरेगी भाजपा

नगर मंडल बैठक में बनी रणनीति

नवभारत न्यूज

सिरोंज, भाजपा नगर मंडल की मासिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा करते हुए रणनीति तैयार की गई. बैठक में विशेष रूप से 13 से 15 अगस्त तक चलने वाले हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक सक्रिय होने का आह्वान किया गया.

संगठन के निर्देशानुसार कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देते हुए बताया गया कि 14 अगस्त को भारत विभाजन विभीषिका दिवस के रूप में स्मरण किया जाएगा, वहीं 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रत्येक घर पर तिरंगा फहराने के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा. वक्ताओं ने अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सघन संपर्क और जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया. बैठक में समसामयिक विषयों पर भी चर्चा की गई. अंत में नवनियुक्त एल्डरमैनों को बधाई देते हुए उनका सम्मान किया गया.

बस स्टैंड पर दुकानों की गैलरी से हटाया अतिक्रमण, मिठाई दुकानों की जांच

नवभारत न्यूज

सिरोंज, नगर पालिका द्वारा स्वच्छता और अतिक्रमण को लेकर विशेष अभियान लगातार दूसरे दिन गुरुवार को भी जारी रहा. अभियान के तहत नगर पालिका अमले ने नवीन बस स्टैंड क्षेत्र में दुकानों के सामने स्थित गैलरी से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की. इस दौरान दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सार्वजनिक स्थानों पर कब्जा कर आवागमन बाधित न करें. वही त्योहार सीजन को देखते हुए मिठाई और नाश्ते की दुकानों पर भी जांच की गई.

अधिकारियों ने दुकानों में साफ-सफाई, पानी की टंकियों की स्थिति और खाद्य सामग्री की गुणवत्ता का निरीक्षण किया. दुकानदारों को हिदायत दी गई कि खाने का तेल बार-बार उपयोग न करें और स्वच्छता मानकों का सख्ती से पालन करें. नगर पालिका द्वारा अतिक्रमण और गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 11 लोगों पर चालानी कार्रवाई की गई, जिससे करीब 2700 रुपए का जुर्माना वसूला गया. अभियान के दौरान दुकानदारों को अमानक एवं प्रतिबंधित पॉलीथिन और सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की चेतावनी भी दी गई. साथ ही नाश्ते की दुकानों को खासतौर पर निर्देश दिए गए कि खाद्य पदार्थ अखबार में रखकर न दें. अधिकारियों ने बताया कि अखबार की स्याही स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकती है, इसलिए सिल्वर कोटेड या सादे सफेद कागज का उपयोग करें. नगर पालिका सीएमओ रामप्रकाश साहू ने बताया कि यह अभियान नगर पालिका कार्यालय से लेकर मंडी क्षेत्र तक चलाया गया और आगे भी लगातार जारी रहेगा.

बारिश से राहत, लेकिन सिरोंज अब भी बारिश में पिछड़ा

नवभारत न्यूज

सिरोंज, सिरोंज में गुरुवार शाम हुई बारिश ने मौसम को सुहावना बना दिया, लेकिन शहर के कई निचले इलाकों में सड़कों पर जलभराव की स्थिति बन गई. आंकड़े बताते हैं कि इस बार मानसून अब तक कमजोर बना हुआ है.

शहर में हुई ताजा बारिश के बाद जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली, वहीं कई इलाकों में सड़कों पर पानी भर गया. जानकारी के अनुसार सिरोंज में इस बार 1 जून से गुरुवार सुबह तक कुल 415 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है. जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 822 मिलीमीटर बारिश हो चुकी थी. यानी इस साल अब तक पिछले साल की तुलना में लगभग आधी ही बारिश हुई है. सिरोंज का औसत वार्षिक वर्षा आंकड़ा करीब 900 मिलीमीटर है.

कलश यात्रा के साथ शिव महापुराण कथा का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

सिरोंज, श्रावण मास के पावन अवसर पर छत्री नाका स्थित हनुमान मंदिर परिसर में 6 अगस्त से 12 अगस्त तक सात दिवसीय संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा एवं पार्थिव शिवलिंग निर्माण का आयोजन किया जा रहा है. आयोजन की शुरुआत बुधवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुई. यह यात्रा शीतला माता मंदिर, कठाली बाजार से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई कथा स्थल पर संपन्न हुई. यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए. कलश यात्रा में महिलाएं सिर पर कलश लेकर कर चल रही थी, वहीं बैंड-बाजों की धुनों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया. कलश यात्रा का जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत किया गया. जानकारी के अनुसार प्रतिदिन 6 अगस्त से 12 अगस्त तक दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक कथा का वाचन किया जाएगा. इस दौरान शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है. कथा के साथ पार्थिव शिवलिंग निर्माण का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु भाग लेंगे. कथा के समापन पर प्रसादी वितरण किया जाएगा. सात दिवसीय इस आयोजन के दौरान शहर में भक्ति और आस्था का वातावरण बना रहेगा.

आज से शुरू होगा मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान

नवभारत न्यूज

विदिशा, राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान-2026 का शुभारंभ 7 अगस्त से होगा. यह अभियान 8 जनवरी 2027 तक संचालित किया जाएगा. अभियान का उद्देश्य प्रशासन और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना, शिकायतों का त्वरित निराकरण करना तथा शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है.

अभियान के चार प्रमुख स्तंभ संवाद, समाधान, संवेदनशीलता और सादगी निर्धारित किए गए हैं. इसके तहत प्रत्येक **शुक्रवार** को जिला कलेक्टर सहित सभी वरिष्ठ अधिकारी फील्ड भ्रमण करेंगे. इस दिन अपरिहार्य परिस्थितियों को छोड़कर किसी भी स्तर पर बैठक आयोजित नहीं होगी.

आयोजन | **धड़ल्ले से हो रहा प्रतिबंधित पॉलिथीन का उपयोग**

बाजारों में खुलेआम हो रहा सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग

नवभारत न्यूज

सिरोंज, शहर में अमानक एवं प्रतिबंधित पॉलिथीन और सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग धड़ल्ले से जारी है. बाजारों से लेकर गली-मोहल्लों तक इनका खुलेआम इस्तेमाल हो रहा है, वहीं बड़े पैमाने पर इनकी खरीद-फरोख्त भी बेखौफ जारी है.

हालांकि प्रशासन द्वारा समय-समय पर अभियान चलाकर कार्यवाही किए जाने के दावे किए जाते हैं, लेकिन इनका असर जमीन पर नजर नहीं आता. नतीजा यह है कि शहर के प्रमुख बाजारों में प्रतिबंधित पॉलिथीन का उपयोग और क्रय, विक्रय बिना किसी रोक-टोक के जारी है. ठोस एवं सतत कार्यवाही के अभाव में इनका क्रय, विक्रय, भंडारण एवं उपयोग करने वालों के हौसले बुलंद हैं.

अमानक पॉलिथीन और सिंगल यूज प्लास्टिक पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बनते जा रहे हैं. सड़कों पर फैली पॉलिथीन को मवेशी खा लेते हैं, जिससे उनकी जान पर बन आती है. यह स्थिति न केवल पर्यावरण बल्कि पशु सुरक्षा के लिए भी चिंता का विषय है.

क्या कहते हैं जिम्मेदार

इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी रामप्रकाश साहू का कहना है कि नगर पालिका द्वारा लगातार अभियान चलाकर जागरूक किया जा रहा हैं. दुकानदारों को प्रतिबंधित पॉलिथीन का उपयोग न करने की समझाइश दी जा रही है. साथ ही अमानक पॉलिथीन जब्त कर चालानी कार्रवाई की जा रही है. उन्होंने बताया कि पॉलिथीन का क्रय-विक्रय और भंडारण करने वालों को चिन्हित किया जा रहा है और जल्द ही व्यापक कार्यवाही की जावेगी.

कचरे में बढ़ रही पॉलिथीन, सफाई व्यवस्था पर असर

शहर में बढ़ते पॉलिथीन उपयोग का सीधा असर सफाई व्यवस्था पर दिखाई देता है. कचरे के ढेर में बड़ी मात्रा में पॉलिथीन जमा हो रही है, जिससे स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित हो रही है. इसके साथ ही नालियां और नाले बार-बार जाम हो रहे हैं. कई स्थानों पर नालियां चोक होने से गंदा पानी सड़कों पर फैल जाता है, जिससे आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ता है.

नाबालिग बालिका के अपहरण के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

सिरोंज, थाना दीपनाखेड़ा क्षेत्र में नाबालिग बालिका के अपहरण के मामले में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है.

जानकारी के अनुसार गत दिनों नाबालिग बालिका के परिजनों द्वारा थाना दीपनाखेड़ा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि अज्ञात व्यक्ति उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है. रिपोर्ट के आधार पर थाना दीपनाखेड़ा में धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई. विवेचना के दौरान पीड़िता के कथनों एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर प्रकरण में धारा 64,1 बीएनएस तथा 3/4 पॉक्सो एक्ट की धाराएं भी जोड़ी गई. प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सोनू डाबर के मार्गदर्शन में विशेष पुलिस टीम गठित की गई. टीम ने तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर तंत्र की सहायता से कार्रवाई करते हुए नाबालिग बालिका को सिरोंज क्षेत्र से सुरक्षित दस्तयाब कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया था. उक्त प्रकरण में आरोपी सूरज उर्फ भूरा घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था. पुलिस टीम द्वारा निरंतर प्रयास करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया. पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक के.के. पवार, उपनिरीक्षक लालबहादुर सिंह, प्रधान आरक्षक दयाराम, प्रधान आरक्षक दीपक सेंगर, आरक्षक अमित खेमरिया, आरक्षक देवेंद्र एवं आरक्षक राजू प्रजापति की सराहनीय भूमिका रही.